**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 03.07.2025 (दोपहर–1455 बजे)**
**********************

केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी एक दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंच गये हैं। रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर उतरने के बाद श्री गडकरी हेलीकाप्टर से गढ़वा के लिए रवाना हुए जहां उन्होंने गढ़वा फोरलेन बाईपास का लोकार्पण और नई योजनाओं का शिलान्यास किया। इस अवसर पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए श्री गडकरी ने झारखंड और बिहार के बीच 670 करोड़ रूपये की 24 किलोमीटर लंबी सड़क को भी मंजूरी दी।

**********************

धनबाद पुलिस ने मुहर्रम की तैयारियों को लेकर पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल का आयोजन किया। ड्रिल में उपद्रव जैसी स्थिति से निपटने का अभ्यास किया गया और घायलों को प्राथमिक उपचार देकर अस्पताल भेजने की प्रक्रिया का प्रदर्शन हुआ। सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और किसी भी अव्यवस्था से सख्ती से निपटा जाएगा।

**********************

भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों और अन्य विनियमित ऋणदाताओं को गैर–व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए व्यक्तियों द्वारा लिए गए फ्लोटिंग रेट ऋण पर पूर्व–भुगतान जुर्माना लगाने से प्रतिबंधित कर दिया है। ऋण पर पूर्व–भुगतान शुल्क संबंधी नया नियम, 2025 अगले वर्ष से प्रभावी होगा। इसका उद्देश्य पारदर्शिता और उधारकर्ताओं के लचीलेपन को बढ़ावा देना है।

**********************

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के रांची स्थित पत्र सूचना कार्यालय, द्वारा कल पूर्वाह्न साढे ग्यारह बजे खूंटी परिसदन में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया जाएगा। यह वार्ता 5 जुलाई को खूंटी में होने वाले **वार्तालाप कार्यक्रम** की तैयारियों के संबंध में है। इस कार्यक्रम में छोटे शहरों के लघु एवं मध्यम उद्योगों की भूमिका पर चर्चा की जाएगी।

**********************

गिरिडीह पुलिस ने साइबर ठगी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चार कुख्यात साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से पांच मोबाइल फोन और छह सिम कार्ड बरामद किए। पूछताछ में आरोपियों ने विभिन्न बैंकों और सरकारी एजेंसियों के नाम पर फर्जी एपीके फाइल भेजकर ठगी करने की बात स्वीकार की। गिरिडीह साइबर डीएसपी आबिद खान ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ पहले से कई मामलों में केस दर्ज हैं और पुलिस साइबर अपराध के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है।

**********************

कोडरमा जिले में पर्यटन के जरिए रोजगार का मार्ग प्रशस्त करने की कवायद की जा रही है।विस्तृत ब्योरा दे रेहे हैं

**********************

मौसम विभाग ने गिरिडीह और कोडरमा के कुछ भागों में अगले तीन घंटे के भीतर हल्के से मध्यम गर्जन के साथ बारिश और तेज हवाएं चलने का येलो अलर्ट जारी जारी किया है। इसके तहत किसानों को अपने खेतों से समय पर वापस लौटने और मौसम सामान्य होने तक प्रतीक्षा करने का निर्देश दिया गया है।

**********************

15वीं हॉकी इंडिया सब–जूनियर राष्ट्रीय महिला चैम्पियनशिप का उद्घाटन आज रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेल मंत्री सुदिव्य कुमार ने किया। आज सुबह पूल–सी के तीन मैच खेले गए, जिसमें हॉकी हिमाचल प्रदेश ने हॉकी राजस्थान को 7–0 से हराया, हॉकी असम ने हॉकी गोवा को 7–1 से पराजित किया, जबकि हॉकी तेलंगाना और हॉकी जम्मू–कश्मीर के बीच मुकाबला 2–2 की बराबरी पर समाप्त हुआ। इस टूर्नामेंट में कुल 28 टीमें तीन डिवीजनों में भाग ले रही हैं।

**********समाप्त*************